हिन्दी मासिक अंक : 11 वर्ष : 13 फरवरी 2025 ₹5/-

# अक्षय किरण






## अंत्योदय की भावना को साकार करता

# जनकल्याणकारी बजट

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान सरकार के बजट को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को मूर्त रूप देने वाला दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग, युवा, किसान, महिला एवं वंचितों के सर्वांगीण उत्थान के लिए समर्पित है तथा प्रदेश को विकास की नई दिशा प्रदान करेगा।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राजसमंद झील की दायीं एवं बायीं मुख्य नहर के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण हेतु 50 करोड़ रुपये के प्रावधान को किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि इससे सिंचाई तंत्र सुदृढ़ होगा, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों की आय में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा माता मंदिर से दयाल शाह किला तक प्रस्तावित रोपवे तथा मुखर्जी चौराहे से द्वारकाधीश मंदिर तक एलिवेटेड रोड, वर्तुल मार्ग एवं पार्किंग के लिए व्यवहार्यता अध्ययन की स्वीकृति से राजसमंद में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इससे स्थानीय व्यापार एवं रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा।

राजकीय सेठ रंगलाल कोठारी महाविद्यालय, राजसमंद में रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, व्यवसाय प्रबंधन एवं ई.ए.एफ.एम. में नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने को उन्होंने क्षेत्र के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

गिलुंड में पुलिस थाने की स्थापना से क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा आमजन में सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ होगा। साथ ही नॉन–पेचेबल एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण, मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण तथा अटल प्रगति पथ के लिए किए गए प्रावधानों से आवागमन की सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि यह बजट विकसित एवं समृद्ध राजस्थान के निर्माण की व्यापक कार्ययोजना की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो प्रदेश को प्रगति के नए आयाम प्रदान करेगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उदयपुर आगमन पर शिष्टाचार भेंट



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उदयपुर आगमन पर विमान पत्तन पर उनसे शिष्टाचार भेंट की और प्रदेश में विकास के नए युग का प्रारंभ करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश में सुशासन, जनकल्याण और समावेशी विकास की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिनसे आमजन का जीवन स्तर सुदृढ़ हुआ है।

उन्होंने मुख्यमंत्री की सादगी, पारदर्शिता और जन–सेवा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आपका नेतृत्व हम सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। आपके मार्गदर्शन में राजस्थान विकास, विश्वास और समृद्धि के पथ पर तेजी से अग्रसर है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और "विकसित राजस्थान" के संकल्प को साकार करेगा।

# केन्द्र सरकार का अर्थ संकल्प शिक्षा जगत के लिए ऐतिहासिक

राजसमंद। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने वर्ष 2026–27 के केंद्रीय बजट को शिक्षा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट राष्ट्रीय शिक्षा नीति –2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, युवाओं के कौशल विकास तथा रोजगारोन्मुख शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय के लिए 1,39,289 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.27 प्रतिशत अधिक है। कुल केंद्रीय व्यय 53.47 लाख करोड़ रुपये में शिक्षा की लगभग 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी यह दर्शाती है कि केंद्र सरकार ने शिक्षा को राष्ट्रीय विकास की आधारशिला माना है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि स्कूली शिक्षा के लिए 83,562 करोड़ रुपये और उच्च शिक्षा के लिए 55,727 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उच्च शिक्षा में 11.28 प्रतिशत की वृद्धि से अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक तकनीकी दक्षता को प्रोत्साहन मिलेगा। औद्योगिक गलियारों के समीप 5 विश्वविद्यालय नगरों की स्थापना से उद्योग और शिक्षा का समन्वय होगा, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रत्येक जिले में बालिकाओं के लिए छात्रावास की व्यवस्था से विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।



उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश, शैक्षिक अनुसंधान परिषदों का उन्नयन तथा सेवा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रणाली विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। समग्र शिक्षा अभियान के लिए 42,100 करोड़, प्रधानमंत्री पोषण योजना के लिए 12,750 करोड़ तथा प्रधानमंत्री श्री विद्यालयों के लिए 7,500 करोड़ रुपये का प्रावधान शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अर्थ संकल्प 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में शिक्षा को सबसे प्रभावी माध्यम बनाएगा।

# जी-राम-जी विधेयक, 2025 से ग्रामीण भारत को नई शक्ति, रोजगार और समृद्धि



राजसमंद। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि विकसित भारत –रोजगार गारंटी आजीविका मिशन (G-RAM-G) विधेयक, 2025 ग्रामीण भारत के लिए रोजगार और आय–सुरक्षा का सशक्त आधार बनेगा। यह पहल विकसित भारत –2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में दूरदर्शी कदम है, जो मनरेगा से आगे बढ़कर अधिक अवसर और स्थिर आय सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने बताया कि जी–राम–जी के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी प्रदान की जाएगी, जो पूर्व व्यवस्था से अधिक है। साप्ताहिक वेतन भुगतान और समयबद्ध मजदूरी की व्यवस्था से श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा और विश्वास सुदृढ़ होगा।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मिशन में जल सुरक्षा, भू–जल पुनर्भरण और जलवायु–अनुकूल कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। ग्रामीण अवसंरचना विकास के साथ कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा तथा कौशल विकास के माध्यम से युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने बताया कि पारदर्शिता के लिए AI, GISमैपिंग और सोशल ऑडिट जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। रू. 1.51 लाख करोड़ के बजटीय प्रावधान से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

विधायक दीप्ति ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट है। 2006–07 से 2013–14 तक रू. 2.13 लाख करोड़ की तुलना में 2014–15 से 2025–26 तक रू. 8.53 लाख करोड़ जारी किए गए हैं। जी–राम–जी विधेयक गांवों में सशक्त, पारदर्शी और आत्मनिर्भर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# विकसित एवं समृद्ध भारत के स्वप्न को साकार करता केन्द्रीय बजट - दीप्ति


विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आज विधायक जन संवाद केंद्र में राजस्थान के पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत के सानिध्य में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ केंद्रीय बजट का सजीव प्रसारण देखा। इससे पूर्व विधायक कार्यालय में पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह विकसित भारत का बजट है, जो उत्पादन से लेकर आधारभूत संरचना निर्माण तक, स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन तक, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक, खेलकूद से लेकर तीर्थों तककृहर गाँव, हर कस्बे और हर शहर के युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के सपनों को सशक्त करने वाला है। यह लोकहितकारी बजट देश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा तथा समावेशी विकास के माध्यम से अंत्योदय की भावना को साकार करेगा।

उन्होंने कहा कि किसानों, पशुपालकों, श्रमिकों, मध्यम वर्ग, युवाओं एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित यह ऐतिहासिक बजट कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन को नई दिशा व गति प्रदान करेगा। इस बजट में आगामी 25 वर्षों के लिए भारत के विकास एवं प्रगति के पथ–चित्र की स्पष्ट झलक मिलती है। विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाली इस दूरदर्शी बजट के लिए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्षेत्रवासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया।



# महिला सशक्तिकरण भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता – दीप्ति



प्रदेश की भाजपा सरकार के जनकल्याण को समर्पित दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में महिलाओं के कल्याण, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लखपति दीदी योजना से 12 लाख महिलाएँ आत्मनिर्भर बनी हैं। लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लगभग 4.60 लाख बालिकाओं को प्रति बालिका रू.1.50 लाख की सहायता दी जा रही है। मेधावी छात्राओं को 10. 50 लाख साइकिलें एवं 40 हजार स्कूटी वितरित की गईं, वहीं कृषि अध्ययनरत 160 छात्राओं को 26.5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि लखपति दीदी ऋण योजना के अंतर्गत 24 हजार महिलाओं को रियायती दर पर ऋण दिया गया है। मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में 50 लाख रुपये तक के ऋण पर 25–30 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।

## केलवा व देवपुरा में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत केलवा में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया।

केलवा में अटल पथ के अंतर्गत केलवा चौपाटी से धोली बावड़ी गर्ल्स स्कूल होते हुए केलवा रेस्टोरेंट एवं पंचायत भवन तक 3.15 करोड़ रुपये की लागत से मार्ग निर्माण का शिलान्यास हुआ। देवपुरा में 55 लाख रुपये से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, 5–5 लाख रुपये से यात्री प्रतीक्षालय, 20 लाख रुपये की सीसी सड़क और 25 लाख रुपये की नई सड़क का शिलान्यास किया गया।

**PMCH** HEALTH ADVISORS

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेदला

NABH H-2024-1409

# फेफड़ो की अत्याधुनिक देखभाल, अब उदयपुर में पहली बार...



## बेसिक और एडवांस्ड ब्रोंकोस्कोपी

## एवं उदयपुर में सर्वप्रथम थोरैकोस्कोपी सूट अब PMCH में

अब फेफड़ों से सम्बंधित उपचार के लिए नहीं जाना पड़ेगा अहमदाबाद

एडवांस्ड ब्रोंकोस्कोपी एवं क्रायो प्रोसीजर ~~₹50000~~ नि:शुल्क

एडवांस्ड थोरैकोस्कोपी ~~₹50000~~ नि:शुल्क

## पल्मोनोलॉजिस्ट्स की अनुभवी टीम



**डॉ. अतुल लुहाडिया**
इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट एवं चेस्ट एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ

**डॉ. आमीर शौकत**
इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट, क्रिटिकल केयर एवं स्लीप मेडिसिन, चेस्ट एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ

ओ.पी.डी. दिवस - सोम | मंगल | बुध

**डॉ. सी.एस. पुरोहित**
चेस्ट एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ

**डॉ. सुनील कुमार**
इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट, चेस्ट एवं टी. बी. रोग विशेषज्ञ

ओ.पी.डी. दिवस - गुरु | शुक्र | शनि

**डॉ. भरत गुप्ता**
कंसल्टेंट इंटरवेंशनल एवं एंडोवास्कुलर रेडियोलॉजिस्ट

ओ.पी.डी. - रोजाना

- नि:शुल्क परामर्श व जाँच
- नि:शुल्क भर्ती
- नि:शुल्क चेस्ट CT-Scan & सीटी गाइडेड लंग्स बायोप्सी
- नि:शुल्क X-Ray, 2D Echo
- नि:शुल्क ब्रोंकोस्कोपी, ICDT प्रोसीजर
- नि:शुल्क स्पाइरोमेट्री, DLCO

## उपलब्ध सुविधाएं

**जल्द ही मिलेगी EBUS (दूरबीन द्वारा फेफड़ो की सोनोग्राफी) जांच की सुविधा**

### बेसिक ब्रोंकोस्कोपी सेवाएं

- ब्रोंकोएल्वियोलर लैवेज (BAL)
- बायोप्सी
- ट्रांसब्रोंकियल नीडल एस्पिरेशन (TBNA)

### थोरैकोस्कोपी सेवाएं

- डायग्नोस्टिक एवं थैरेप्यूटिक
- प्लुरल बायोप्सी एवं क्रायोबायोप्सी
- प्ल्यूरोडेसि • एड्हीसियोलाइसिस

- इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी की अत्याधुनिक तकनीकें
- स्पेशल नेगेटिव प्रेशर सूट (Negative Pressure Suite)
- ब्रोंकियल आर्टरी एम्बोलिज़ेशन (BAE)
- एचडी वीडियो ब्रोंकोस्कोप एवं थोरेकोस्कोप उपकरण

**क्रिटिकल केयर और आईसीयू सुविधा**

**24/7 सुविधाऐं उपलब्ध**

### एडवांस ब्रोंकोस्कोपी द्वारा उपचार

- पीडियाट्रिक ब्रोंकोस्कोपी • ब्रोंकोस्कोपी इन आईसीयू
- रिजिड ब्रोंकोस्कोपी • इलेक्ट्रोकॉटरी • बलगम में खून आना
- ट्रांस ब्रोन्कियल लंग बायोप्सी एवं क्रायोबायोप्सी (TBLB, TBLC)
- क्रायो प्रक्रियाएं (क्रायो बायोप्सी, क्रायो एक्सट्रैक्शन)
- एपीसी (Argon Plasma Coagulation)
- भारी खून बहाव (Massive Hemoptysis) का प्रबंधन
- ट्यूमर मास डिबल्किंग - वायुमार्ग से बड़ी गांठें हटाना
- फॉरेन बॉडी रिमूवल - श्वास नली में फंसी वस्तु निकालना
- ग्लू थैरेपी - वायुमार्ग की ब्लीडिंग रोकने हेतु

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | RGHS राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना | कर्मचारी राज्य बीमा योजना ESIC | जननी सुरक्षा योजना JSY

**योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल**

अंबेरी पुलिया से पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला के लिए आने एवं जाने के लिए मरीजों को नि:शुल्क वाहन की सुविधा

*नियम व शर्तें लागू

**भीलों का बेदला, एन.एच.-27, प्रताप पुरा, अम्बेरी, उदयपुर - 313011 (राजस्थान) | फोन : 8690541110**

# मेरा युवा भारत अभियान युवाओं के सर्वांगीण विकास की सशक्त पहल



स्वामी विवेकानंद युवा मंडल, केलवा द्वारा मेरा युवा भारत, राजसमंद के अंतर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित उपखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मेरा युवा भारत अभियान युवाओं के सर्वांगीण विकास, सामाजिक नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल है। वर्ष 2023 में प्रारंभ इस अभियान से अब तक 1.20 लाख से अधिक युवा संगठन और 2 करोड़ से अधिक युवा जुड़ चुके हैं। विकसित भारत–2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है और यह अभियान प्रभावी सेतु का कार्य कर रहा है।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद युवा मंडल के पदाधिकारियों का सफल आयोजन के लिए अभिनंदन किया और कहा कि मंडल नेतृत्व विकास, क्षमता संवर्धन तथा कौशल विकास में सराहनीय योगदान दे रहा है। "स्वच्छ केलवा–हरित केलवा" जैसे अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में मंडल की भूमिका प्रशंसनीय है।

खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक विकास के साथ नेतृत्व क्षमता, बंधुत्व और टीम भावना को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश बोराणा के आवास पर पहुंच कर कुशलक्षेम पूछी और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# वोकेशनल एजुकेशन शिक्षा को नई दिशा देगी

राजसमंद नगर क्षेत्र में रिमार्केबल संस्था द्वारा आयोजित "उमंग कार्यक्रम" में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों के भविष्य को सुदृढ़ आधार देगी। उन्होंने कहा कि टवबंजपवदंस म्कनबंजपवद देश की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन, कौशल अंतर को कम करने और समावेशी विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह युवाओं को उद्योग आधारित कौशल प्रदान कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है तथा उन्हें हरित और डिजिटल अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करती है। इससे भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों की कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 172



विद्यार्थियों ने स्टार्टअप मॉडल और नवाचार आधारित उद्यमिता विचार प्रस्तुत किए। मॉडल प्रदर्शन की सराहना करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं को कुशल तकनीशियन और पेशेवर बनने की प्रेरणा देते हैं तथा 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियानों को गति प्रदान करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों के मॉडल समझे, उनके विचार सुने और मार्गदर्शन के साथ सार्थक सुझाव दिए। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें नवाचार, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक प्राची गौड़, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डबल इंजन सरकार पिछड़ा वर्ग को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए संकल्पबद्ध




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) को सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं OBC परिवार से आते हैं, इसलिए OBC सशक्तिकरण उनके लिए केवल नीति नहीं, बल्कि जीवन की प्रतिबद्धता है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग द्वारा जिला परिषद सभागार में आयोजित जनसंवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि इस जनसंवाद का उद्देश्य व्ठब से जुड़ी समस्याओं, योजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन तथा सामाजिक समरसता से संबंधित तथ्यों के आधार पर ठोस नीतियां तैयार करना है।

उन्होंने प्रमुख उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता दी है तथा क्रीमी लेयर की आय सीमा बढ़ाकर 8 लाख रुपये की गई है। मुद्रा योजना के तहत 50 प्रतिशत से अधिक सहायता वंचित वर्गों को दी जा रही है और तीन लाख रुपये तक का बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। राजस्थान सरकार की विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत पारंपरिक कौशल से जुड़े युवाओं को 2 करोड़ रुपये तक का ऋण एवं 8 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त मेडिकल शिक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण तथा पीएम यशस्वी योजना के तहत OBC, EBC एवं DNT वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 9 से उच्च शिक्षा तक छात्रवृत्ति का लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में OBC आयोग सदस्य मोहन मोरवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों से प्राप्त सुझाव व्ठब वर्ग के सशक्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण आधार बनेंगे।

# चित्तौड़गढ़ विधायक श्री चन्द्रभान सिंह आक्या का आत्मीय स्वागत



विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विधायक जनसुनवाई केंद्र पर चित्तौड़गढ़ विधायक श्री चन्द्रभान सिंह आक्या के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनन्दन किया। भेंट के दौरान प्रदेश एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत, सार्थक एवं सकारात्मक विचार–विमर्श हुआ। विधायक श्री चन्द्रभान सिंह आक्या के विकास एवं जनहित से संबंधित अनुभव, दृष्टिकोण एवं बहुमूल्य सुझाव अत्यंत प्रेरणादायी रहे।


RK GROUP
वंडर लाइए,
फर्क नज़र आएगा
WONDER CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA
XTREME
WONDER CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA
वंडर सीमेंट
WONDER CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA
PLUS
Toll-free No.: 1800 31 31 31 | wondercement.com

# अवैध घुसपैठ देश की सुरक्षा और लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा



धनजी का खेड़ा एवं केलवा अंचल के परिभ्रमण के दौरान विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए कहा कि अवैध घुसपैठ देश की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने और संरक्षण देने का कार्य कर रही है, जिससे राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा घोषित 'डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट' नीति के अनुरूप राजस्थान में घुसपैठियों के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अवैध घुसपैठ के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है और दोषियों को चिन्हित कर बाहर करने की दिशा में कार्य कर रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति राष्ट्रहित के विरुद्ध है। देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। भारतीय जनता पार्टी इस विषय पर स्पष्ट और दृढ़ नीति के साथ आगे बढ़ रही है।

परिभ्रमण के दौरान उन्होंने धनजी का खेड़ा एवं केलवा में शोक संतप्त परिवारों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की, दिवंगत जनों को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को संबल प्रदान किया।

# गणतंत्र दिवस लोकतंत्र का महापर्व, सम्मानित प्रतिभाओं का अभिनंदन गौरव का विषय



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लोकतंत्र का महापर्व है, जो संविधान की गरिमा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। जिला स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि जिले की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित कर वे स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रही हैं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा को मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्यपाल द्वारा सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत का मतदाता सूचीकरण अभियान विश्व के लिए प्रेरणा बन रहा है।

समारोह में पुलिस बल, गृह रक्षा दल, एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों की अनुशासित परेड तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने राष्ट्रीय भावना को सुदृढ़ किया। विभिन्न विभागों की झांकियों का अवलोकन कर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान किया।

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भी उन्होंने सहभागिता कर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। विधायक ने वीर सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया तथा गुणवत्ता के मंत्र को अपनाने पर बल दिया।

# सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास के साथ–साथ समाज में समरसता, एकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी मेवाड़ रेगर महासभा मातृकुंडिया एवं रेगर युवा शक्ति राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मेवाड़ स्तरीय वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता तथा मेवाड़ रेगर समाज वर्ष 2026 कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं सकारात्मक ऊर्जा के संचार का सशक्त माध्यम बनते हैं। उन्होंने मेवाड़ रेगर समाज द्वारा खेल, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रयास आने वाली पीढ़ी को नई दिशा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मेवाड़ रेगर समाज का वर्ष 2026 का सामाजिक कैलेंडर भी विमोचित किया गया, जो समाज की सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक मूल्यों को जन–जन तक पहुंचाने में सहायक होगा। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने समस्त आयोजकों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# भाजपा सरकार की विश्वसनीयता से जनता संतुष्ट, कांग्रेस हताश



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधायक जनसुनवाई केंद्र पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार सुशासन, सेवा एवं संवेदनशीलता की सरकार के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि संकल्प पत्र एवं बजट में की गई घोषणाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारा गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उसकी कार्यशैली घोषणा करो और भूल जाओ की रही है, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार कथनी नहीं, करनी में विश्वास रखती है।

जनसुनवाई केंद्र पर नागरिकों की समस्याएं सुनकर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आमजन की पीड़ा का समाधान सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है।

महाराष्ट्र एवं त्रिपुरा के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा एवं राजग की विजय को उन्होंने नरेंद्र मोदी की नीतियों के प्रति जनता के विश्वास का प्रमाण बताया। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब परिणाम उनके पक्ष में होते हैं तो चुनाव आयोग महान होता है, और जब विपरीत होते हैं तो वही संदेहास्पद ठहराया जाता है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और पारदर्शी चुनाव प्रणाली के कारण वोट कैप्चरिंग के रास्ते बंद हो चुके हैं, इसीलिए कांग्रेस असहज दिखाई दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता आगे भी भाजपा के सुशासन और विकास के मॉडल पर भरोसा बनाए रखेगी।

# करजिया घाटी में चाय पर चर्चा - विकास के मुद्दों पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी का विचार-मंथन



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने करजिया घाटी स्थित ओटीआर रेस्टोरेंट में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ 'चाय पर चर्चा' के तहत संवाद किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस सत्र में क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और व्यावसायिक विषयों पर विस्तार से विचार–विमर्श हुआ।

संवाद के दौरान रोजगार सृजन, नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने, राजसमंद में औद्योगिक और पर्यटन विकास को गति देने, चिकित्सा सेवाओं के विस्तार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नए रोजगार अवसर विकसित करने जैसे मुद्दों पर कार्यकर्ताओं ने व्यावहारिक सुझाव रखे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सभी सुझाव गंभीरता से सुने और आवश्यक कार्यवाही के लिए संज्ञान में लिया।

उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर से प्राप्त सुझाव विकास की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होते हैं। चर्चा में कांग्रेस की राष्ट्रविरोधी विचारधारा के दुष्प्रभावों को जन–जन तक पहुंचाने, कट्टरपंथ से उत्पन्न चुनौतियों के प्रति समाज को जागरूक करने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करने पर भी विचार हुआ।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि ऐसे संवाद विकास को नई दिशा देते हैं और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने सुझावों को मूल्यवान बताते हुए उन पर त्वरित कार्य करने का आश्वासन दिया। अंत में रेस्टोरेंट प्रबंधन ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया।

## प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में विधायक दीप्ति का उद्बोधन - शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशीला



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) जिला शाखा राजसमन्द द्वारा श्री दामोदर लाल खेल स्टेडियम, नाथद्वारा में आयोजित प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने नई शिक्षा नीति, शिक्षक सशक्तिकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का मूल आधार है तथा शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं।

उन्होंने शिक्षकों से निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, संस्कार और नवाचार की भावना विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, क्षमता संवर्धन और शिक्षा में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, मेड़ता विधायक लक्ष्मण कलरू, खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल तथा कॉलेज शिक्षा आयुक्त ओ.पी. बैरवा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयोजन की सराहना करते हुए शिक्षक संघ एवं सभी सहभागी शिक्षकों को शुभकामनाएँ दी।

# मकर संक्रांति पर तुलादान कर लिया गौ सेवा का संकल्प




राजनगर गौशाला में डीएमएफटी कोष से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण, भोजनशाला निर्माण की घोषणा, मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजनगर स्थित गौशाला में तुलादान कर गौ सेवा एवं गौवंश संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने जिला खनिज प्रतिष्ठान कोष (DMFT) से निर्मित नवीन टीन शेड का लोकार्पण करते हुए कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की मूल भावना है तथा गौवंश का संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व है।

चार दिवसीय मकर संक्रांति महामहोत्सव के अंतर्गत आयोजित "नानी बाई का मायरा" कथा में सहभागिता करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने श्रद्धेय भगवती कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से कथा श्रवण किया। उन्होंने कहा कि ऐसी आध्यात्मिक कथाएं समाज में सेवा, समर्पण और संस्कारों को सुदृढ़ करती हैं।

गौशाला परिसर का निरीक्षण कर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने व्यवस्थाओं की जानकारी ली और गौवंश के लिए भोजनशाला निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे सेवा कार्य अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी होंगे।

विधायक ने उपस्थित नागरिकों से गौ संरक्षण में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में गौशाला समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# विधायक विकास निधि से 20 विकास कार्यों हेतु 1.09 करोड़ रुपये की स्वीकृत



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विधायक विकास निधि के अंतर्गत 20 विकास कार्यों के लिए कुल 1.09 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और आवश्यक निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि विधायक जनसुनवाई केंद्र पर नियमित जनसंवाद के आधार पर प्राप्त सुझावों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यों की प्राथमिकता तय की जाती है, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

ग्राम पंचायत पुठोल में ग्राम बागोटा और भुडान में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5–5 लाख रुपये तथा पुठोल में भवन निर्माण एवं विस्तार के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम पंचायत खड़बामणिया के अमरपुरा में सामुदायिक भवन हेतु 5 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं।

बामनटुकड़ा पंचायत के खेतों की भागल में भवन विस्तार के लिए 10 लाख रुपये तथा दौलतपुरा में महिला स्नानघर निर्माण के लिए 2 लाख रुपये दिए गए हैं। धांयला पंचायत में धांयला और मोखमपुरा में भवन विस्तार व मरम्मत हेतु 5–5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

बिनोल पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में चार सामुदायिक भवनों के लिए कुल 20 लाख रुपये तथा चौकड़ी पंचायत में सीसी सड़क निर्माण के लिए 15 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। देवपुरा पंचायत में भवन निर्माण और विस्तार कार्यों के लिए 17 लाख रुपये दिए गए हैं।

# विराट हिंदू सम्मेलन की शोभायात्रा में विधायक दीप्ति ने कलश धारण कर की सहभागिता



राजसमंद। सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के अवसर पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कलश धारण कर भव्य शोभायात्रा में सहभागिता की। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति, युवा और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। विधायक दीप्ति ने जनसमूह का अभिवादन करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह सम्मेलन सांस्कृतिक गौरव, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन अभियान को जन–जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

उन्होंने संगठित समाज को विकसित भारत के लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवश्यक बताते हुए सामाजिक समरसता, सेवा, सुरक्षा और संस्कृति संरक्षण पर बल दिया। विधायक दीप्ति ने नागरिकों से सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

## राजसमंद में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु
## दीप्ति ने जिला चिकित्सालय राजसमंद में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा सदन में उठाया

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से आर.के. राजकीय जिला चिकित्सालय, राजसमंद में चिकित्सकों की कमी और स्वीकृत पदों में कटौती का मुद्दा उठाया। उन्होंने बढ़ते रोगी भार के अनुरूप पर्याप्त चिकित्सक उपलब्ध कराने और रिक्त पद शीघ्र भरने की मांग की।



विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि अस्पताल में हृदय रोग चिकित्सा इकाई स्वीकृत है, किंतु विशेषज्ञ चिकित्सक की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार कराना पड़ रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है और समय पर उपचार न मिलने का जोखिम बढ़ता है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि अस्पताल में ओपीडी का मासिक औसत लगभग 36,000 और आईपीडी का औसत 1,700 है। बेड संख्या 250 से बढ़ाकर 300 की जा चुकी है, फिर भी चिकित्सा अधिकारियों के 54 स्वीकृत पदों में से 21 रिक्त हैं, जिससे सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने पूर्व स्वीकृत पद पुनः बहाल करने, सभी रिक्त पद भरने तथा हृदय रोग इकाई हेतु विशेषज्ञ की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि मरीजों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। उन्होंने कहा की चिकित्सकों की कमी के कारण राजसमन्द व उसके आसपास के मरीजों को उदयपुर और अहमदाबाद जाना पड़ता है जिससे परिजनों को बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

# ग्राम पंचायत मोही में 5 करोड़ से अधिक लागत के 25 से अधिक विकास कार्यों का उद्घाटन व लोकार्पण




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम पंचायत मोही में 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 25 से अधिक विकास कार्यों का उद्घाटन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने ढोल–नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि गांव, गरीब, युवा और महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। जिला खनिज प्रतिष्ठान (DMFT), विधायक विकास निधि, पंचायत समिति विकास कोष और अटल पथ योजना के माध्यम से ग्रामीण आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। मोही में सड़क, जल, सामुदायिक भवन, श्मशान घाट, गौशाला, स्वास्थ्य केंद्र और उद्यान विकास से जुड़े कार्य पूर्ण हुए हैं।

उद्घाटन कार्यों में श्री गोवर्धन गौशाला में केटलशेड, सोलर पनघट, सीसी रोड, पंचफल उद्यान में ओपन वेल व पाइप लाइन, मेड़तिया श्मशान घाट में उन्नत शवदाह गृह, पंचमुखी उद्यान में सोलर पंप, विभिन्न मोहल्लों में सामुदायिक भवन, पुस्तकालय भवन, सामुदायिक शौचालय, नृसिंहद्वारा में टीन शेड, गोदा कुआं क्षेत्र में पाइप लाइन विस्तार, प्रतापपुरा से करणी सागर तक सीसी रोड, दड़ा बस्ती में निर्माण कार्य, कन्या उपवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ क्वार्टर, जल योजना जीर्णोद्धार और अमृत सरोवर पर फुटपाथ निर्माण शामिल रहे।

उपसरपंच दिग्विजय सिंह भाटी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान अरविंद सिंह राठौड़ ने की। समारोह में जिला परिषद सदस्य लीला देवी तेली, पंचायत समिति सदस्य बसंत कुंवर, प्रशासक रतनलाल भील, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मांगीलाल कुमावत, उमेश कुमार शर्मा, इंदरसिंह भाटी एवं संपतनाथ सिंह चौहान अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत रमेशचंद्र टांक, किशनलाल धोबी, कन्हैयालाल सोनी, रतन खटीक, प्रकाश पहाड़िया, नितिन महात्मा एवं छगनलाल द्वारा किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## विधायक दीप्ति ने "विकसित भारत रु. 2047" राष्ट्रीय कार्यशाला में की सहभागिता



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट सेंटर के गुलमोहर सभागार में नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर द्वारा आयोजित "भारत की विकास गति को तेज करनारू सांसद एवं विधायक विकसित भारत /2047 को कैसे सक्षम बना सकते हैं" विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता की।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह कार्यशाला विकसित भारत /2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में सार्थक पहल है। इसमें विधायी नेतृत्व की भूमिका, विकास नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर गंभीर विचार–विमर्श हुआ। उन्होंने विकास, नवाचार और सुशासन को गति देने के लिए संस्थागत सशक्तिकरण और राष्ट्रीय दृष्टि को जन–जन तक पहुंचाने पर बल दिया। कार्यशाला में आर्थिक वृद्धि को गति देने में सांसदों व विधायकों की भूमिका, केंद्र–राज्य समन्वय, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भारत की आर्थिक संरचना, चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन सहित विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने इस पहल के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।


US-FDA प्रमाणित
4th Generation VELYS
रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सिस्टम
GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS
माता-पिता को
छड़ी का नहीं
स्वस्थ जीवन के लिए
चाहिए आपका सहयोग
VELYS
गीतांजली हॉस्पिटल - रोबोटिक सर्जरी
बनाए हर
घुटना प्रत्यारोपण
सटीक, सुरक्षित एवं कारगर
किफायती व बिना किसी अतिरिक्त शुल्क *
सटीक इलाज, बेहतर परिणाम
• रोबोट की मदद से सटीक मार्गदर्शन
• सर्जरी से पहले CT या MRI की आवश्यकता नहीं है
• अनुभवी सर्जन की टीम
• बेहतरीन इम्प्लांट
जल्द रिकवरी
• छोटा चीरा (4-6 inch)
• जल्दी चलना फिरना संभव
• टिश्यू को कम नुकसान
• न्यूनतम दर्द
*नियम व शर्तें लागू
मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना
राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS)
सभी सरकारी, निजी, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत।
गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.)
0294-2500044
पेन-फ्री ज़िंदगी के लिए स्कैन करे

RNI No. RAJHIN/2013/50687 POSTAL REGN. RJ/UD/29-114/2025-2027 प्रेषक कार्यालय : मुख्य डाकघर चेतक सर्कल, उदयपुर प्रकाशन दिनांक : 15.02.2026 प्रेषण दिनांक प्रत्येक माह की 18–22

# भाजपा में परिवारवाद की बजाय निष्ठावान कार्यकर्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता

# भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने उन्हें सफल, सशक्त एवं प्रेरणादायी कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि श्री नितिन नबीन के सक्षम, दूरदर्शी एवं कर्मठ नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी। उनका मार्गदर्शन राष्ट्रसेवा, सुशासन तथा संगठन विस्तार के संकल्प को नई गति और नई दिशा प्रदान करेगा। भारतीय जनता पार्टी में सदैव परिवारवाद की बजाय निष्ठावान कार्यकर्ता को सम्मान देकर उन्हें संगठन में सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है। राष्ट्रवादी संगठन में इस प्रकार की परम्परा वास्तव में अनुकरणीय है। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक श्री हरि सिंह राठौड़, श्री फूल सिंह मीणा, श्री अर्जुन लाल जीनगर एवं श्री गोवर्धन वर्मा भी साथ उपस्थित रहे।

Facebook kiranmaheshwari.bjp
Instagram kiranmaheshwari.bjp
Twitter kiransnm
DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

प्रबंधकीय कार्यालय
457, अम्बामाता योजना,
उदयपुर - 313004,
मो. 0294- 3551805

प्रधान सम्पादक
डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
94143 16490

सम्पादक
अनिल चतुर्वेदी
9414164431

सह–सम्पादक
राजेश शर्मा
9414786019

वार्षिक शुल्क – 300/–
आजीवन शुल्क – 2100/–

contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com

**प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :**
स्वत्वाधिकारी किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी, 457 अम्बामाता योजना, उदयपुर – 313004 से प्रकाशित। न्यूट्रेक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी, उदयपुर से मुद्रित। पूर्व स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : स्वर्गीय श्री जगदीश चंद्र देवपुरा, संपादक अनिल चतुर्वेदी